**NEWS CLIPPING: 17.06.2021**

**THE IMPRESSIVE TIMES**

# MASTER'S OPPORTUNITY IN ANIMATION AND MULTIMEDIA FOR CREATIVE MINDS AT JC BOSE UNIVERSITY

**FARIDABAD(TITNEWS):** Considering the fast growing market of animation and increasing demand of creative minds, J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad is going to start M.Sc. in Animation and Multimedia from the ensuing academic session. The University is already offering a successful degree course in B.Sc. (Animation and Multimedia) under the Department of Communication and Media Technology. While giving information to this effect, the Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar said that animation is one of the fastest growing fields in the entertainment industry and will soon be one of the biggest employers for those with a creative bend of mind. The rapid advancement of technology has made animation, VFX & games available to the masses, and this industry has become one of the fastest growing segments in the global media and entertainment market. As per the market research report, the global 3D animation market size is valued at USD 18.39 billion in 2021 and is expected to expand at a Compound Annual Growth Rate (CAGR) of 11.7% from 2021 to 2028. Thus, animation courses have a wide scope in the market, and it is an apt field for those who want to create magic and turn their imagination into a reality, he added. Detailing about the course Dean of Liberal Arts and Media Studies, Prof. Atul Mishra said that M.Sc in animation and multimedia course, with an intake of 20 seats, has been started for the sole purpose of providing Multimedia and Entertainment industry targeted animation training to graduates. The University has developed a State-of-the-Art animation lab and a studio is also being set-up.

**NEWS CLIPPING: 17.06.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में अब एनीमेशन व मल्टीमीडिया में मास्टर्स करने का अवसर

- **20 सीटों के साथ एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम हो रहा है शुरू**
- **एंटरटेनमेंट मार्केट में एनीमेशन के बढ़ते प्रभाव ने उत्पन्न किए रोजगार के नए अवसरः प्रो. दिनेश कुमार**

फरीदाबाद, 16 जून (पूजा शर्मा): एनीमेशन के बढ़ते बाजार तथा इस क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद आगामी शैक्षणिक सत्र से एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है।

विश्वविद्यालय द्वारा कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के अंतर्गत बीएससी (एनिमेशन और मल्टीमीडिया) में डिग्री पाठ्यक्रम पहले से ही सफलतापूर्वक चल रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कि प्रौद्योगिकीय विकास ने एनीमेशन, वीएफएक्स और गेम्स को आम लोगों तक पहुंचा दिया है, जिस कारण ग्लोबल मीडिया एवं एंटरटेनमेंट मार्केट में एनीमेशन उद्योग तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है।

आने वाले समय में एनीमेशन उद्योग रचनात्मक सोच रखने वाले कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार का प्रमुख क्षेत्र होगा। एक मार्केट रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल 3डी एनिमेशन मार्केट का आकार 2021 में 18.39 बिलियन अमरीकी डॉलर आंका गया है और इस क्षेत्र में 2028 तक 11.7 प्रतिशत की कम्पाउंड वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से विस्तार होने की संभावना जताई जा रही है। इस प्रकार, एनीमेशन के क्षेत्र में रोजगार की प्रबल संभावनाएं है और यह ऐसे युवाओं के लिए उपयुक्त क्षेत्र है जो अपनी कल्पना को वास्तविकता में बदलने का हुनर रखते है।

पाठ्यक्रम की विस्तार जानकारी देते हुए कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एनीमेशन और मल्टीमीडिया में 20 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा एमएससी पाठ्यक्रम एंटरटेनमेंट उद्योग के लिए जरूरी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अत्याधुनिक एनिमेशन लैब विकसित की गई है और एक स्टूडियो भी स्थापित किया जा रहा है।

पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक वातावरण में एंटरटेनमेंट उद्योग के लिए आवश्यक एनीमेशन कौशल सिखाना है। उन्होंने कहा कि 3डी मॉडलिंग, कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन और गेम कंटेंट डेवलपमेंट के अलावा, पाठ्यक्रम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वर्चुअल रियलिटी जैसी नवीनतम कंप्यूटिंग तकनीकों की जानकारी देने के लिए डिजाइन किया गया है।

पाठ्यक्रम के बाद करियर की संभावनाओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एनीमेशन उद्योग में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं क्योंकि मनोरंजन और गेमिंग उद्योग अपने विकास के चरण में है। आज एनीमेशन फिल्मों की मांग लगातार बढ़ रही है।

**NEWS CLIPPING: 17.06.2021**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस में एनीमेशन व मल्टीमीडिया में एमएससी करने का अवसर

## 20 सीटों के साथ एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम हो रहा है शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनीमेशन** के बढ़ते बाजार तथा इस क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद आगामी शैक्षणिक सत्र से एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के अंतर्गत बीएससी (एनिमेशन और मल्टीमीडिया) में डिग्री पाठ्यक्रम पहले से ही सफलतापूर्वक चल रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कि प्रौद्योगिकीय विकास ने एनीमेशन, वीएफएक्स और गेम्स को



कारण ग्लोबल मीडिया एवं एंटरटेनमेंट मार्केट में एनीमेशन उद्योग तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। आने वाले समय में एनीमेशन उद्योग रचनात्मक सोच रखने वाले कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार का प्रमुख क्षेत्र होगा। एक मार्केट रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल 3डी एनिमेशन मार्केट का आकार 2021 में 18.39 बिलियन अमरीकी डॉलर आंका गया है और इस क्षेत्र में 2028 तक 11.7 प्रतिशत की कम्पाउंड वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से विस्तार होने की संभावना जताई जा रही है। इस प्रकार, एनीमेशन के क्षेत्र में रोजगार की प्रबल संभावनाएं है और यह ऐसे युवाओं के लिए उपयुक्त क्षेत्र है जो अपनी कल्पना को वास्तविकता में बदलने का हुनर रखते है। पाठ्यक्रम की विस्तार जानकारी देते हुए कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतल मिश्रा ने एनीमेशन और मल्टीमीडिया में 20 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा एमएससी पाठ्यक्रम एंटरटेनमेंट उद्योग के लिए जरूरी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू जा रहा है।

विश्वविद्यालय द्वारा अत्याधुनिक एनिमेशन लैब विकसित की गई है और एक स्टूडियो भी स्थापित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक वातावरण में एंटरटेनमेंट उद्योग के लिए आवश्यक एनीमेशन कौशल सिखाना है। उन्होंने कहा कि 3डी मॉडलिंग, कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन और गेम कंटेंट डेवलपमेंट के अलावा, पाठ्यक्रम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वर्चुअल रियलिटी जैसी नवीनतम कंप्यूटिंग तकनीकों की जानकारी देने के लिए डिजाइन किया गया है। पाठ्यक्रम के बाद करियर की संभावनाओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एनीमेशन उद्योग में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं क्योंकि मनोरंजन और गेमिंग उद्योग अपने विकास के चरण में है। आज एनीमेशन फिल्मों की मांग लगातार बढ़ रही है और ऐसी एक फिल्म के निर्माण में काफी संख्या में

**NEWS CLIPPING: 17.06.2021**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में एनिमेशन कोर्स शुरू

**अवसर**

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**
एनिमेशन के बढ़ते बाजार तथा इस क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद आगामी शैक्षणिक सत्र से एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है।

विश्वविद्यालय द्वारा कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के अंतर्गत बीएससी (एनिमेशन और मल्टीमीडिया) में डिग्री पाठ्यक्रम पहले से ही सफलतापूर्वक चल रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि प्रौद्योगिकीय विकास ने एनीमेशन, वीएफएक्स और गेम्स को आम लोगों तक पहुंचा दिया है, जिस कारण ग्लोबल मीडिया एवं एंटरटेनमेंट मार्केट में एनिमेशन उद्योग तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। आने वाले समय में एनीमेशन उद्योग रचनात्मक सोच रखने वाले कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार का प्रमुख क्षेत्र होगा।

**NEWS CLIPPING: 17.06.2021**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस विवि में 20 सीटों के साथ एनिमेशन व मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू हो रहा

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय आगामी शैक्षणिक सत्र से एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा के अनुसार एनिमेशन व मल्टीमीडिया 20 सीटों के साथ एमएससी पाठ्यक्रम एंटरटेनमेंट उद्योग के लिए जरूरी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू जा रहा है। इसके लिए अत्याधुनिक एनिमेशन लैब विकसित की गई है। स्टूडियो भी स्थापित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक वातावरण में एंटरटेनमेंट उद्योग के लिए आवश्यक एनीमेशन कौशल सिखाना है। उन्होंने कहा 3डी मॉडलिंग, कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन और गेम कंटेंट डेवलपमेंट के अलावा पाठ्यक्रम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वर्चुअल रियलिटी जैसी नवीनतम कंप्यूटिंग तकनीकों की जानकारी देने के लिए डिजाइन किया गया है।

**NEWS CLIPPING: 17.06.2021**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए में अब एनिमेशन में कर सकेंगे एमएससी

■ वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद

**एनिमेशन की** बढ़ती मांग को देखते हुए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए आगामी शैक्षणिक सत्र से एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू करनेजा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नॉलजी विभाग के अंतर्गत बीएससी (एनिमेशन और मल्टीमीडिया) में डिग्री पाठ्यक्रम पहले से ही सफलतापूर्वक चल रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कि प्रौद्योगिकीय विकास ने एनिमेशन, वीएफएक्स और गेम्स को आम लोगों तक पहुंचा दिया है, जिस कारण ग्लोबल मीडिया एवं एंटरटेनमेंट मार्केट में एनिमेशन उद्योग तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने बताया कि इस कोर्स को 20 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है।

**कोर्स को 20 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है**

**NEWS CLIPPING: 17.06.2021**

## NAVBHARAT TIMES

### एनिमेशन एवं मल्टी मीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय नए शैक्षणिक सत्र से एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलाजी विभाग के अध्यक्ष प्रो.अतुल मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एनिमेशन और मल्टीमीडिया में 20 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा। एमएससी पाठ्यक्रम एंटरटेनमेंट उद्योग के लिए जरूरी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अत्याधुनिक एनिमेशन लैब विकसित की गई है और एक स्टूडियो भी स्थापित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक वातावरण में एंटस्टेनमेंट उद्योग के लिए आवश्यक एनिमेशन कौशल सिखाना है। उन्होंने कहा कि 3डी माडलिंग, कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, गेम कंटेंट डेवलपमेंट के अलावा, पाठ्यक्रम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वर्चुअल रियलिटी जैसी नवीनतम कंप्यूटिंग तकनीकों की जानकारी देने के लिए डिजाइन किया गया है। पाठ्यक्रम के बाद करियर की संभावनाओं के बारे में बताया कि इस क्षेत्र दक्षता रखने वाले एनिमेटर और अन्य पेशेवरों जैसे ग्राफिक डिजाइनर, मल्टीमीडिया डेवलपर और गेम डेवलपर, कैरेक्टर डिजाइनर, की-फ्रेम एनिमेटर, 3डी माडलर, ले-आउट आर्टिस्ट के लिए विज्ञापन, फिल्म और टेलीविजन, कार्टून प्रोडक्शन, थिएटर, वीडियो गेमिंग और ई-लर्निंग में रोजगार के बेहतर अवसर मौजूद हैं।

**NEWS CLIPPING: 17.06.2021**

## AMAR UJALA

# जेसी बोस विवि से अब एनीमेशन व मल्टीमीडिया में मास्टर्स करने का अवसर

अमर उजाला ब्यूरो

**20 सीटों के साथ एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम हो रहा है शुरू**

**फरीदाबाद।** एनीमेशन के बढ़ते बाजार तथा इस क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय आगामी शैक्षणिक सत्र से एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। विवि द्वारा कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के अंतर्गत बीएससी (एनिमेशन और मल्टीमीडिया) में डिग्री पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कि प्रौद्योगिकीय विकास ने एनीमेशन, वीएफएक्स और गेम्स को आम लोगों तक पहुंचा दिया है। ग्लोबल मीडिया एवं एंटरटेनमेंट मार्केट में एनीमेशन उद्योग तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। आने वाले समय में एनीमेशन उद्योग रचनात्मक सोच रखने वाले कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार का प्रमुख क्षेत्र होगा। एक मार्केट रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल 3डी एनिमेशन मार्केट का आकार 2021 में 18.39 बिलियन अमरीकी डॉलर आंका गया है।